an>

Title: Need to set up Skill Development Centres in Mainpuri Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री तेज प्रताप सिंह यादव (मैनपुरी) :विकसित देशों में जहां कुशल कार्यबल कुल कार्यबल का 60 से 90 प्रतिशत के बीच है, भारत में यह 5 प्रतिशत है। आज देश "रोजगार रहित आर्थिक विकास" से जूझ रहा है एवं बेरोजगारी की समस्या विकराल होती जा रही है। उत्तर प्रदेश का मैनपुरी जिला उद्योग तथा रोजगार की दृष्टि से काफी पिछड़ा क्षेत्र है जो कि प्रशिक्षण के अभाव में बड़े शहरों की तरफ पलायन को मजबूर हैं। जिले में नवयुवकों को रोजगार के लिए आधुनिक प्रशिक्षण नहीं मिल पा रहा है। अगर विभिन्न उद्योगों के लिए रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया जाए तो नवयुवक समाज विरोधी गतिविधियों से दूर होंगे।

अतः सरकार से मेरी मांग है मेरे संसदीय क्षेत्र मैनपुरी, उत्तर प्रदेश में कौशल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित "स्किल्ड इंडिया" योजना के अंतर्गत कौशल विकास केद्रों की स्थापना की जाए ताकि जिले के सभी बेरोजगार युवकों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण मिल सके एवं रोजगार सृजन हो सके।

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again on Tuesday, the 13th March, 2018 at 11a.m.

12 12 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on

Tuesday, March 13, 2018/Phalguna 22, 1939 (Saka).

* Starred Question No. 221 was deleted under Rule 47 of 'Rules of Procedure and conduct of Business in Lok Sabha'.

** Introduced with the recommendation of the President.